हरिभूमि
जीटी रोड भूमि
रोहतक, रविवार 1 नवंबर 2026

तापमान
अधिकतम 29 .2 डिग्री
न्यूनतम 17 .0 डिग्री

14 लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर युवाओं ने...



14 नेशनल हाइवे पर अनियंत्रित हुआ ट्रॉला, चार गाड़ियां क्षतिग्रस्त...



खबर संक्षेप

किसान को डिजिटल अरेस्ट रखकर ठगे छह लाख

यमुनानगर। साइबर ठगों ने डिजिटल अरेस्ट रखकर छह लाख रुपये ठग लिए। साइबर थाना पुलिस ने किसान की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक रादौर क्षेत्र के किसान ने साइबर थाना में शिकायत दी कि 25 सितंबर से 15 अक्टूबर के बीच उसके मोबाइल पर अलग अलग नंबरों से वीडियो कॉल आई। कॉल करने वालों ने पुलिस अधिकारी बनकर उसे बताया कि उसका नंबर गलत संदेश भेजने के मामले में सामने आया है। इसके बाद उसे कई दिन तक वीडियो कॉल के जरिए डिजिटल अरेस्ट रखा और जांच के नाम पर अपने निर्देशों पर चलने को मजबूर किया।

दहेज हत्या के दोषी पति को 10 साल की कैद

पानीपत। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक कोर्ट) अंबरदीप सिंह की अदालत ने बिंदु की दहेज के लिए हत्या किए जाने के केस में आरोपी पति सुनील पुत्र करण सिंह निवासी कालूपीर कालोनी, काबडी रोड, पानीपत को दोषी करार देते हुए 10 साल कठोर कारावास की सजा दी। वहीं जज सिंह ने दोषी पर 20 हजार रुपये का जुर्माना भी किया। जुर्माना नहीं देने पर दोषी को छह माह का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा।

इलेक्ट्रिक बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

बापौली। पानीपत के गोयला खेड़ा के पास शनिवार को पानीपत रोडवेज की इलेक्ट्रिक बस ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार 18 वर्षीय रेहान पुत्र शकील की मौत हो गई, जबकि इसका चाचा अजरूद्दीन पुत्र नानू शेख निवासी गांव गोयला खुर्द घायल हो गया। इधर, पुलिस ने बस व बाइक को हिरासत में लिया और रेहान के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

ट्राली की टक्कर से ऑटो चालक की मौत

पानीपत। पानीपत की काबड़ी रोड पर ट्राली से टक्कर होने पर घायल हुए ऑटो रिक्शा चालक 42 वर्षीय राजू निवासी न्यू रामपुरा, पानीपत की मौत हो गई। हादसे में राजू के पेट की आंत फटी गई थी। इधर, पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद राजू का शव उसके परिजनों को सौंप कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं, राजू की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

बलाना की कंबल फैक्टरी में भीषण आग लगी

पानीपत। पानीपत के गांव बलाना के रकबे में स्थित कंबल फैक्टरी में शनिवार की सुबह आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि थोडी देर में पूरी फैक्टरी को अपनी चपेट में ले लिया। इधर, दमकल की टीम ने आग को काबू किया। आग में फैक्टरी में रखा तैयारी व कच्चा माल, मशीनरी आदि जल गई।

हरियाणा की विलुप्त होती लोक कला को मिलेगा नया मंच

आज लूर नृत्य से होगी रत्नावली की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के राज्यस्तरीय रत्नावली समारोह की शुरूआत इस बार पारंपरिक हरियाणवी लूर नृत्य से होगी। हरियाणा की समृद्ध लोकसंस्कृति की पहचान रहे लूर नृत्य को पुनर्जीवित करने और युवा पीढ़ी से जोड़ने के उद्देश्य से युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग की ओर से विशेष पहल की जा रही है।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में इस लोकनृत्य के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. विवेक चावला ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय सदैव हरियाणवी लोक संस्कृति के संरक्षण और प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। इसी कड़ी में विलुप्त होती लूर नृत्य परंपरा को फिर से मंच प्रदान किया जाएगा। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि फागुन के महीने में ग्रामीण क्षेत्रों में बालिकाओं एवं महिलाओं द्वारा लूर नृत्य करने की परंपरा रही है। इसमें महिलाएं और बालिकाएं दो समूहों में बंटकर वर एवं वधू पक्ष के रूप में नृत्य के माध्यम से सवाल-जवाब करती हैं।

इस दौरान दोनों समूह नाटकीय अंदाज में संवाद और अभिनय प्रस्तुत करते हैं, जिसे लूर नृत्य कहा जाता है। हरियाणा के बांगर और बागड़ क्षेत्र में इस नृत्य की विशेष परंपरा रही है।

उन्होंने कहा कि लूर नृत्य के पुनर्जीवन से न केवल हरियाणा की पारंपरिक लोककला और सांस्कृतिक विरासत संरक्षित होगी, बल्कि युवा पीढ़ी भी अपनी लोकपरंपराओं से जुड़ सकेगी।

हरियाणवी संस्कृति की गूंज अब मीडिया चौपाल के माध्यम से पहुंचेगी जन-जन तक

हरियाणा की माटी की महक, लोकजीवन की झलक और देसी संस्कृति की धमक अब डिजिटल दुनिया में भी गूंजेगी। प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को आधुनिक संचार माध्यमों के जरिए जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में एक से चार नवंबर तक आयोजित होने वाले चार दिवसीय राज्य स्तरीय हरियाणा दिवस समारोह के अंतर्गत हिंदी विभाग द्वारा विशेष मीडिया चौपाल का आयोजन किया जाएगा। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में आयोजित इस समारोह में पॉडकास्ट, वीडियो और रील निर्माण से जुड़ी गतिविधियां एवं कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। इनके माध्यम से विद्यार्थियों को डिजिटल मीडिया के व्यावहारिक कौशल सीखने और अपनी रचनात्मक प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय हरियाणवी बोली को भाषा के रूप में स्थापित करने की दिशा में निरंतर प्रयास करेगा। इसकी शुरूआत रत्नावली महोत्सव से की जा रही है।

हरियाणा बनने के 60 वर्ष पूर्ण, आजा कार्यक्रम में राष्ट्रपति मुर्मू होंगी मुख्य अतिथि

हीरक जयंती पर कुरुक्षेत्र में राज्यस्तरीय समारोह, प्रशासन की सभी तैयारियां पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

राष्ट्रपति के दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने पूरी की तैयारियां, सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता प्रबंध, 31 अक्टूबर और 1 नवंबर को पूरा जिला घोषित रहेगा ड्रोन प्रतिबंधित क्षेत्र

हरियाणा राज्य के गठन के 60 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 1 नवंबर को कुरुक्षेत्र में हीरक जयंती पर राज्यस्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस ऐतिहासिक अवसर पर पूरा प्रदेश उत्साह और उल्लास के साथ हरियाणा की 60वीं वर्षगांठ मनाएगा। समारोह में महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी। राष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं तथा सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि राष्ट्रपति अपने दौरे के दौरान श्री देवीकूप भद्रकाली मंदिर, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय और गुरुकुल सहित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगी। दौरे की शुरूआत भद्रकाली मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ होगी। इसके बाद वे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में हरियाणा के 60 वर्षों के इतिहास, विकास एवं उपलब्धियों तथा वर्ष 2047 तक विकसित हरियाणा की परिकल्पना पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगी। इसके उपरांत विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित राज्य स्तरीय हीरक जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी और रत्नावली महोत्सव के पोस्टर का विमोचन करेंगी। इसके बाद राष्ट्रपति गुरुकुल में महान स्वतंत्रता सेनानी स्वामी श्रद्धानंद जी के बलिदान के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगी। उपायुक्त ने बताया कि राष्ट्रपति के दौरे के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए जिलाधीश की ओर से 31 अक्टूबर और 1 नवंबर 2026 को पूरे कुरुक्षेत्र जिले को ड्रोन उड़ाने के लिए नो फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 तथा ड्रोन नियम 2021 के नियम 24 के तहत जारी आदेशों के अनुसार जिले को रेड जोन भी घोषित किया गया है। हालांकि ड्यूटी पर तैनात पुलिस एवं सरकारी कर्मचारियों के साथ हरियाणा पुलिस, भारतीय सेना और वायुसेना द्वारा संचालित मानव रहित विमान प्रणालियों को इन आदेशों से छूट प्रदान की गई है।



कुरुक्षेत्र। समारोह स्थल का निरीक्षण करते अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक लॉ एंड आर्डर संजय कुमार।

वीवीआईपी आगमन को लेकर पुलिस ने जारी की यातायात एडवाइजरी

कुरुक्षेत्र में 1 नवंबर को वीआईपी और वीवीआईपी आगमन के मद्देनजर जिला पुलिस ने यातायात एडवाइजरी जारी की है। यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए 1 नवंबर रात्रि 8 बजे तक शहर में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। डीएसपी यातायात सुरेश कुमार ने बताया कि शहर के सभी प्रमुख मार्गों पर नाके लगाए गए हैं और भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए है। पिहोवा और पटियाला से सहारनपुर, हरिद्वार व यमुनानगर जाने वाले वाहन पिहोवा बाईपास, इस्माईलाबाद, ठोल, कुरड़ी, नलवी और शाहाबाद के रास्ते जा सकेंगे। कैथल से सहारनपुर, हरिद्वार और यमुनानगर जाने वाले वाहन ढांड, कौल, निगदू, नीलोखेड़ी और इंद्री के रास्ते निकल सकेंगे। पंजाब से करनाल, पानीपत, दिल्ली और उत्तर प्रदेश जाने वाले भारी वाहन पिहोवा से ढांड और गांव कौल के रास्ते जा सकेंगे। इसी प्रकार यमुनानगर से पिहोवा व पंजाब जाने वाले वाहन लाडवा, बाबैन, शाहाबाद, नलवी और इस्माईलाबाद के रास्ते जा सकेंगे। यमुनानगर से ढांड-कैथल जाने वाले वाहन इंद्री, भादसों और नीलोखेड़ी के रास्ते निकलेंगे। लाडवा, मथाना और पीपली से ढांड-कैथल जाने वाले वाहन एनएच-44 व नीलोखेड़ी तथा पिहोवा-पंजाब जाने वाले वाहन शाहाबाद, जलेबी पुल, नलवी और इस्माईलाबाद के रास्ते जा सकेंगे।

4 हजार पुलिस जवानों को वीवीआईपी सुरक्षा ड्यूटियों पर किया तैनात

कुरुक्षेत्र। 1 नवम्बर को देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू शिरकत करेंगी। राष्ट्रपति के कुरुक्षेत्र दौरे को लेकर पर्याप्त पुलिस बल को तैनात किया गया है। इस अवसर पर विभिन्न जिलों से आये व जिला पुलिस के करीब 4 हजार महिला एवं पुलिस जवानों को वीवीआईपी सुरक्षा ड्यूटियों पर तैनात किया गया है। राष्ट्रपति के कुरुक्षेत्र आगमन के दौरान सुरक्षा ड्यूटियां दिन व रात की शिफ्टों में तैनात रहेंगी। इन सुरक्षा ड्यूटियों को लेकर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक लॉ एंड आर्डर संजय कुमार ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने उपरान्त सुरक्षा मे तैनात सभी अधिकारियों को दिए जरुरी दिशा निर्देश। इससे पहले अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक लॉ एंड आर्डर संजय कुमार, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन सहित विभिन्न जिलों से आए हुए एसपी, डीएसपी सहित अन्य अधिकारियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ऑडिटोरियम हॉल, केयूके इंटरनेशनल गेस्ट हाउस, गुरुकुल कुरुक्षेत्र व भद्रकाली मंदिर के कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण किया और सभी तैयारियां पूरी करने के लिए कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। जिला पुलिस द्वारा सीसीटीवी की मदद से आयोजन स्थल एरिया लगातार निगरानी की जा रही है। आयोजन स्थलों पर पर्याप्त मात्रा में लगे सीसीटीवी कैमरों से चप्पे-चप्पे पर नजर रखी जा रही है। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन ने बताया कि पूरे आयोजन स्थल एरिया मे शरारती तत्वो व अपराधिक गतिविधियों पर नजर रखने के लिये प्रशासन द्वारा सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं जिनकी मदद से हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है।

शाह के कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी, शहीदी स्मारक का करेंगे उद्घाटन



अंबाला। गांधी मैदान का मुआयना करते डीसी व अन्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने आगामी 5 नवंबर को शहीदी स्मारक के उदघाटन अवसर पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के अंबाला छावनी में कार्यक्रम के आयोजन को लेकर शनिवार को गांधी ग्राउंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रमको लेकर अधिकारियों व एजेंसियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस मौके पर उनके साथ एसडीएम कनिका गोयल विशेष रूप से मौजूद रही। गुप्ता ने बताया कि 5 नवंबर को केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा भव्य शहीदी स्मारक का उदघाटन किया जाएगा। इसके साथ-साथ गांधी ग्राउंड में एक विशाल जनसभा का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि कैबिनेट मंत्री अनिल विज की अध्यक्षता में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कार्यक्रम स्थल का दौरा करते हुए यहां की व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली थी। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए डीसी ने यह भी बताया कि कार्यक्रम के आयोजन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां की जा रही हैं।

पीएनबी के सेवानिवृत्त अधिकारियों ने उठाई पेंशन अपडेशन की मांग, समस्याओं पर किया मंथन

कुरुक्षेत्र। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के कुरुक्षेत्र जिले के सेवानिवृत्त अधिकारियों की मासिक बैठक होटल सेलिब्रेशन में आयोजित की गई। बैठक में पेंशन अपडेशन की लंबे समय से लंबित मांग, पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं, चिकित्सा सुविधाओं और सेवानिवृत्त अधिकारियों के हितों से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में करीब 40 सेवानिवृत्त अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक की शुरूआत एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य जे.बी. बंसल ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए की। इसके बाद एसोसिएशन के कन्वीनर हाकम चौधरी ने निर्धारित एजेंडे के अनुसार बैठक की कार्यवाही आगे बढ़ाई। इस दौरान पिछले एक माह में बैंकिंग क्षेत्र और सेवानिवृत्त बैंक अधिकारियों से संबंधित महत्वपूर्ण घटनाक्रमों एवं समाचारों की भी समीक्षा की गई। बैठक में सर्वोच्च न्यायालय में लंबित एम.सी. सिंगला केस के माध्यम से उठाए गए पेंशन अपडेशन के मुद्दे पर विशेष रूप से विचार-विमर्श हुआ। सदस्यों ने कहा कि पेंशन अपडेशन की मांग लंबे समय से लंबित है और इसे जल्द पूरा किया जाना चाहिए।

एसडी गर्ल्स स्कूल पर 27.42 लाख संपत्ति कर बकाया, अंतिम नोटिस जारी



करनाल। नगर निगम करनाल ने बकाया संपत्ति कर की वसूली को लेकर सख्ती बढ़ा दी है। निगमायुक्त सलोनी शर्मा के निर्देश पर संपत्ति कर शाखा के प्रवर्तन दल ने रेलवे रोड स्थित एसडी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रबंधन को 27 लाख 42 हजार 82 रुपये का बकाया संपत्ति कर जमा करवाने के लिए अंतिम नोटिस जारी किया है। इसके अलावा स्कूल से संबंधित 37 दुकानों पर भी नोटिस चस्पा किए गए हैं। निगमायुक्त ने बताया कि स्कूल प्रबंधन को करीब एक माह पहले भी नोटिस दिया गया था, लेकिन बकाया राशि जमा नहीं करवाई गई। अब पांच दिन का अंतिम समय दिया गया है। निर्धारित अवधि में भुगतान नहीं होने पर नियमानुसार दुकानों को सील करने सहित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि हरियाणा नगर निगम अधिनियम, 1994 की धारा 129 और 130 के तहत बकाया संपत्ति कर की वसूली के लिए संबंधित अचल संपत्ति कुर्क करने और उसकी बिक्री तक का प्रावधान है। निगमायुक्त ने सभी संपत्ति मालिकों से समय पर कर जमा करवाने की अपील की। कार्रवाई के दौरान क्षेत्रीय कराधान अधिकारी अंकुश पराशर और कर अधीक्षक मनोज मान सहित प्रवर्तन दल के सदस्य मौजूद रहे।



पानीपत। पंचायत विकास मंत्री कृष्ण पंवार का स्वागत करते अधिकारी।

सफाई कर्मियों की 17 मांगों पर सहमति

पानीपत। हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने पानीपत के रेस्ट हाउस में ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन, हरियाणा के पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। बैठक में ग्रामीण सफाई कर्मचारियों सभी 17 मांगों पर सहमति बनी और 12 मांगों का आवश्यक पत्र जारी किया गया। इधर, पंवार ने कहा कि ग्रामीण सफाई कर्मचारी गांवों को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनका कार्य केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वच्छ और स्वस्थ ग्रामीण वातावरण तैयार करने में भी उनका अहम योगदान है। सरकार उनके परिश्रम और सेवाओं का सम्मान करती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों के सर्वांगीण विकास और ग्रामीण व्यवस्था को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसी कड़ी में प्रदेश की 6230 ग्राम पंचायतों के विकास के लिए राज्य वित्त आयोग (एसएफसी) के माध्यम से 579 करोड़ रुपए पंचायतों के खातों में जारी किए गए हैं।

झुग्गियों में आग के बीच चला बुलडोजर

सामान निकालने का मौका न मिलने पर भड़के लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

शहर के सेक्टर-12 में शनिवार को झुग्गियों में अचानक आग लग गई। आग लगते ही झुग्गियों में रहने वाले लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। इसी दौरान झुग्गियां हटाने के लिए बुलडोजर चलाने की कार्रवाई भी शुरू कर दी गई, जिसका लोगों ने विरोध जताया। झुग्गीवासियों का आरोप है कि उन्हें अपना सामान बाहर निकालने तक का पर्याप्त समय नहीं दिया गया। उनका कहना है कि पहले से मौजूद कुछ लोगों ने जेसीबी से झुग्गियां हटानी शुरू कर दी थीं।



अमित शाह के दौरे से जोड़कर लगाया आरोप

झुग्गीवासियों ने आरोप लगाया कि उन्हें बताया गया था कि कोई बड़ा नेता आने वाला है, इसलिए झुग्गियां हटाई जा रही हैं। लोगों ने दावा किया कि उन्हें केवल 15 मिनट का समय दिया गया था और इसी दौरान आग लग गई।



कांग्रेस नेता ने जताई नाराजगी

मौके पर पहुंचे कांग्रेस के जिला युवा अध्यक्ष रजत लाठर ने कार्रवाई पर नाराजगी जताते हुए कहा कि गरीब परिवारों को अपना सामान निकालने तक का समय नहीं दिया गया। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि शहर को सुंदर बनाना था तो पिछले 12 वर्षों में इस दिशा में काम क्यों नहीं किया गया।

हजारों रुपये की हेरोइन के साथ नशातस्कर और मुख्य सप्लायर किया गिरफ्तार

- एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने आरोपियों से बरामद की 30 ग्राम हेरोइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने हजारों रुपये की हेरोइन(स्मैक) के साथ एक नशातस्कर व मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 30 ग्राम हेरोइन बरामद की। पुलिस ने मामला दर्ज कर दोनों को अदालत में पेश कर कार्रवाई शुरू कर दी। एंटी नारकोटिक्स सेल के प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के मार्ग दर्शन में जिले में नशातस्करों पर शिकंजा कसा जा रहा है। उन्होंने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि जगाधरी वर्कशॉप मे एक युवक नशीले पदार्थ लेकर संदिग्ध हालत में घूम रहा है। वह नशीले पदार्थ को किसी को सप्लाई करने की फिराक में है। सूचना के आधार पर उन्होंने उप निरीक्षक सतीश कुमार, जयपाल,एएसआई परवीन व सोनू की टीम का गठन कर मौके पर जांच के लिए भेजा। जांच टीम ने दबिश देकर आरोपी को पकड़ लिया। इस दौरान आरोपी की तलाशी ली गई तो उसके पास से 30 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी की पहचान मंडेबरी निवासी गौरव के नाम से हुई।



यमुनानगर। एंटी नारकोटिक्स सेल द्वारा पकड़े गए नशातस्कर व मुख्य सप्लायर पुलिस हिरासत में बैठे हुए।

हरियाणा पुलिस अकादमी में मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस

सरदार पटेल की जयंती पर ली एकता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर शनिवार को हरियाणा पुलिस अकादमी के नेताजी सुभाष चंद्र बोस दीक्षांत परेड मैदान में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अधिकारियों, कर्मचारियों और प्रशिक्षणार्थियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा बनाए रखने की शपथ ली।



करनाल। मधुबन पुलिस अकादमी में राष्ट्रीय एकता दिवस पर अधिकारी एवं कर्मचारी।

राष्ट्रीय एकता दौड़ को दिखाई हरी झंडी

अकादमी की निदेशक कला रामचन्द्रन ने उप पुलिस अधीक्षक गीतिका जाखड़ को कार्यक्रम का नोडल अधिकारी नियुक्त किया था। इस अवसर पर गीतिका जाखड़ ने कहा कि सरदार पटेल ने 562 रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत के निर्माण में ऐतिहासिक योगदान दिया। उनके आदर्श आज भी राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने सभी को शपथ दिलाई और राष्ट्रीय एकता दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में सरदार पटेल के जीवन और शिक्षाओं से संबंधित चित्र भी प्रदर्शित किए गए। इस अवसर पर निरीक्षक तरसेम सिंह, निरीक्षक रविन्द्र कुमार, रिजर्व निरीक्षक नरेश शर्मा, राजबीर सिंह, सुनील कुमार, नरेश कुमार सहित अकादमी के अधिकारी, कर्मचारी और प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहे।

पूर्व कैबिनेट मंत्री ने दो वर्षों में मूल्य में 35 रुपये की बढ़ोतरी की जमकर की तारीफ

प्रदेश सरकार ने गन्ने के दामों में वृद्धि कर किसानों को दी सौगात: कंवरपाल

नायब सैनी सरकार किसानों के हित में उठा रही कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि प्रदेश सरकार ने लगातार दो वर्षों में गन्ने के मूल्य में वृद्धि करके किसानों को बड़ी सौगात दी है। प्रदेश सरकार ने दो वर्ष में गन्ने के मूल्य में प्रति क्विंटल 35 रुपये की वृद्धि की है जो सराहनीय है। उन्होंने उक्त शब्द शनिवार को भाजपा कार्यालय में बातचीत करते हुए कहे। मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा भी मौजूद रहे।

पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि भाजपा सरकार ने गन्ने के दामों में वृद्धि करके किसानों के प्रति सम्मान व्यक्त किया है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भाजपा सरकार द्वारा सीजन 2026-27 में गन्ने का भाव 430 प्रति क्विंटल और सीजन 2027-28 में 450 प्रति क्विंटल घोषित किया गया है। दो वर्षों में गन्ने के भाव में 35 प्रति क्विंटल तक की बढ़ोतरी से किसानों की आय में बढ़ोतरी होगी। जो हरियाणा के गन्ना किसानों के लिए बड़ी सौगात है।



यमुनानगर। भाजपा कार्यालय में बातचीत के दौरान गन्ना मूल्य वृद्धि पर सरकार की सराहना करते पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल व भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा।

कृषि क्षेत्र की उन्नति के लिए उठा रहे कदम

भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा ने बताया कि किसानों के कल्याण और कृषि क्षेत्र की उन्नति के लिए केंद्र एवं हरियाणा सरकार निरंतर प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष निश्चल चौधरी व भाजपा जिला यमुनानगर मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग मौजूद रहे।

प्रति एकड़ 10 हजार से अधिक आय होने की उम्मीद

भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने बताया कि दो वर्षों में गन्ने के भाव में 35 प्रति क्विंटल तक की बढ़ोतरी से किसानों की आय में प्रति एकड़ प्रति सीजन 10 हजार से साढ़े ग्यारह हजार रुपये तक वृद्धि होने की उम्मीद है। यह कदम किसानों की आय बढ़ाने, गन्ने की पैदावार को प्रोत्साहित करने और चीनी मिलों को पर्याप्त गन्ना उपलब्ध कराने में सहायक होगा। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21 वीं किस्त के तहत देश के 9.34 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में लगभग 18 हजार 690 करोड़ से अधिक की राशि हस्तांतरित करना तथा कृषि अवसंरचना कोष के अंतर्गत 521 इकाइयों को राष्ट्र को समर्पित करना किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण कदम है।

मूल्य वृद्धि कर सरकार ने किसान हितैषी होने के दावे को किया सिद्ध : चौहान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश सचिव मदन चौहान। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा की भाजपा सरकार ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में गन्ना का मूल्य बढ़ाकर 430 रुपये करके किसान हितैषी होने के दावे को सिद्ध कर दिया है। आज हरियाणा राज्य गन्ना मूल्य वृद्धि करने में अग्रणीय बन गया है। उक्त शब्द भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सचिव एवं पूर्व मेयर मदन चौहान ने शनिवार को शहर में आयोजित कार्यक्रम में कहे।

भाजपा प्रदेश सचिव एवं पूर्व मेयर मदन चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा गन्ने का भाव में 15 रुपये मूल्य वृद्धि करके 430 रुपये प्रति क्विंटल करने का निर्णय करके किसानों को सम्मान दिया है। यह निर्णय साबित करता है कि वास्तव में प्रदेश की भाजपा सरकार ही किसान हितैषी है। उन्होंने गन्ना के भाव बढ़ाने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी व सरकार का आभार जताया है। प्रदेश सचिव मदन चौहान ने कहा कि सरकार का गन्ने के भाव बढ़ाने का निर्णय हरियाणा के लाखों गन्ना उत्पादक किसानों के जीवन में खुशहाली लाने वाला कदम है।



विपक्षी पार्टियों के अस्तित्व को मिटाने का काम कर रही है भाजपा सरकार: बुबका

रादौर। कांग्रेस द्वारा रादौर क्षेत्र के दर्जन भर गांव में जनसंपर्क कर ग्रामीणों को पार्टी की एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली महारैली में भाग लेने के लिए आमत्रित किया। अभियान का नेतृत्व कांग्रेस के रादौर विस नेता उमेश बुबका ने किया। कांग्रेस के विस नेता उमेश बुबका के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने रादौर समेत बुबका, चमरोडी, गुमथला व घिलौर समेत दर्जन भर गांव में जनसंपर्क किया। मौके पर विस नेता उमेश बुबका ने ग्रामीणों को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली महारैली में भाग लेने के लिए आमत्रित किया। उन्होंने कहा कि पहले पार्टियां एक दूसरे से चुनावों में अपने मुद्दे रखकर चुनाव में जीत दर्ज करती थी। लेकिन जब से भाजपा पार्टी के सरकार बनाई है। तब से भाजपा अन्य पार्टियों के अस्तित्व को समाप्त करती जा रही है। भाजपा वोट चोरी के दम पर अन्य पार्टियों का बहुमत खा जाती है। जिस कारण विपक्ष भी मजबूत नहीं होता।

दीपावली पर दी यमुनानगर केंद्रीय सहकारी बैंक कर्मियों को देगा नगद पुरस्कार: बंचल

- बैंक के निदेशकों की चेयरमैन कार्यालय में हुई बैठक, धर्म सिंह बंचल ने की अध्यक्षता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

दी यमुनानगर केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड के निदेशकों की बैंक भवन स्थित चेयरमैन कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता बैंक के चेयरमैन धर्म सिंह बंचल ने की। बैठक में बैंक के कर्मचारियों को दीपावली पर्व पर उपहार के रुप में नगद पुरस्कार देने का निर्णय लिया। बैठक में बैंक के सभी 11 निदेशकों ने भाग लिया। बैठक में बैंक के जीएम सुभाष बिश्रोई भी मौजूद रहे।

बैंक के चेयरमैन धर्म सिंह बंचल ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया है कि बैंक की ओर से अपने 212 कर्मचारियों को दीपावली पर इक्किस इक्किस हजार रुपये उपहार के तौर पर दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि बैंक के जीएम से लेकर सहायक तक सभी को यह राशि समान रूप से दी जाएगी। जिस पर बैंक लगभग 44 लाख 52 हजार रूपये की राशि खर्च करने जा रहा है।

चेयरमैन धर्म सिंह बंचल ने बताया कि इस वर्ष बैंक को लगभग 1 करोड़ 75 लाख रूपये का लाभ हुआ है। जिसको देखते हुए बैंक के कर्मचारियों को दीपावली पर 21-21 हजार रुपये की राशि देने का निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष भी दीपावली पर सभी कर्मचारियों को 31-31 हजार रूपये की राशि उपहार के रुप में भेंट की गई थी।



यमुनानगर। दी यमुनानगर केंद्रीय सहकारी बैंक में आयोजित निदेशकों की बैठक की अध्यक्षता करते चेयरमैन धर्म सिंह बंचल। फोटो : हरिभूमि

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर निदेशक विनोद कांबोज कांजनू, मंदीप कंदेला, अर्जुन सिंह, मनमोहन सिंह, कुसुम राणा, रमा देवी, सुखदेव सिंह, राजपाल सिंह, अशोक वर्मा,बंसीलाल डिप्टी रजिस्टार करनाल व स्थापना अधिकारी मनीष साहनी आदि मौजूद रहे।

विकास कार्यों में गुणवत्ता वाली सामग्री का करें प्रयोग, तय समय पर करें पूरा: अरोड़ा

- 1.99 करोड़ रुपये से किए जाने वाले विकास कार्यों का किया शिलान्यास और उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

विकास कार्यों को गति देते हुए नगर निगम की ओर से करीब एक करोड़ 99 लाख 36 हजार रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्य करवाए जाएंगे। शनिवार को विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व मेयर सुमन बहमनी ने इन विकास कार्यों का शिलान्यास व नारियल फोड़कर निर्माण कार्यों की शुरुआत की। इन कार्यों के पूरा होने से कई कॉलोनियों और गांवों में रहने वाले लोगों को बेहतर सड़क, जल निकासी और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने बताया कि शहर के वार्ड नंबर 12 के गांव शादीपुर में एक करोड़ 52 लाख 54 हजार रुपये की लागत से नाले, जोहड़ और गलियों का निर्माण करवाया जाएगा। इसके अलावा वार्ड नंबर 22 के वसंत विहार में 15 लाख 64 हजार रुपये, संजय विहार कॉलोनी में 14 लाख 43 हजार रुपये तथा कलकत्ता नर्सरी, मोती बाग कॉलोनी में 16 लाख 75 हजार रुपये की लागत से गलियों का निर्माण और स्टॉर्म वाटर लाइन बिछाने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार और नगर निगम द्वारा शहर के विकास में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।



यमुनानगर। विकास कार्यों का शिलान्यास करते हुए विधायक घनश्याम दास अरोड़ा और मेयर सुमन बहमनी। फोटो : हरिभूमि



पटेल का जीवन राष्ट्र की एकता का प्रतीक

यमुनानगर। देश की एकता एवं अखंडता के प्रतीक लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर जिले के साढ़ौरा में रन फार यूनिटी का आयोजन किया गया। इस दौरान साढ़ौरा की विधायक रेणु बाला ने हरी झंडी दिखाकर रन फार यूनिटी को रवाना किया। मौके पर जिला परिषद के चेयरमैन रमेश ठसका विशिष्ठ अतिथि के रुप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में पहुंचने पर व्यासपुर के एसडीएम डॉ. कुलदीप सिंह ने विधायक रेणु बाला का बुके भेंट कर स्वागत किया। साढ़ौरा में रन फार यूनिटी दौड़ कस्बा के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस से शुरू होकर मुख्य मार्ग से होते हुए दोसड़का चौक और अन्य स्थानों से होते हुए अंत में शुभारंभ स्थल पर जाकर संपन्न हुई। इस अवसर पर नगर पालिका साढौरा की चेयरपर्सन शालिनी शर्मा,मार्केट कमेटी साढौरा के चेयरमैन नवीन भसीन, मार्केट कमेटी व्यासपुर के चेयरमैन विपिन सिंगला,ऋषिपाल इंजीनियर व बीडीपीओ व्यासपुर शबनम रेहलान आदि मौजूद रहे।

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने रन फार युनिटी को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

पटेल के सपनों का देश बनाने के लिए युवाओं को लेना होगा संकल्प

मंत्री ने रन फार यूनिटी में शामिल युवाओं खिलाड़ियों व महिलाओं को दिलाई देश की एकता एवं अखंडता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के सपनों का भारत बनाने के लिए युवा पीढ़ी को निःस्वार्थ भाव से देश की सेवा करने का संकल्प लेना होगा। उन्होंने उक्त शब्द शनिवार को जगाधरी में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर आयोजित रन फार यूनिटी को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए कहे। मौके पर उन्होंने युवाओं व अन्य को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ दिलाई।





यमुनानगर। जगाधरी में रन फार यूनिटी को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए व दौड़ में भाग लेते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा। फोटो : हरिभूमि

स्वर्णाक्षरों में अंकित है पटेल का नाम

इस मौके पर विशिष्ठ अतिथि के रुप में पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल व सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा भी मौजूद रहे। रन फार यूनिटी जगाधरी के हिंदु गर्ल्स कालेज से शुरु होकर, रामलीला भवन, चौक बाजार, झंडा चौंक, श्रीनगर कालोनी, बस स्टैंड जगाधरी से होते हुए अंत में शुभारंभ स्थल पर जाकर संपन्न हुई। इस अवसर पर कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि आजाद भारत के इतिहास में सरदार वल्लभ भाई पटेल का नाम स्वर्णाक्षरों में अंकित है। उनकी जयंती को देश भर में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में भी मनाई जाती है। लौह पुरुष पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के खेड़ा जिले के नडियाद गांव में एक जमींदार परिवार में हुआ था।

देश के पहले गृह मंत्री थे लौहपुरुष

राणा ने कहा कि पटेल गांधी जी के शुरुआती राजनीतिक लेफ्टिनेंटों में से एक थे। जिन्होंने ब्रिटिश राज के खिलाफ खेड़ा, बोरदा और बारडोली के बीच अहिंसक सविनय अवज्ञा के आयोजन में भूमिका निभाई। राणा ने कहा कि आजादी के बाद वह भारत के पहले गृहमंत्री और उप प्रधानमंत्री बनाए गए। उन्होंने पाकिस्तान से पंजाब और दिल्ली आए विभाजन शरणार्थियों के लिए राहत प्रयासों के आयोजन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और शांति बहाल के प्रयास भी किए। महान स्वतंत्रता सेनानी सरदार वल्लभ भाई पटेल ने आजाद भारत की 550 से ज्यादा रियासतों को एक सूत्र में पिरोने की अहम भूमिका निभाई। जिसके कारण ही लौहपुरूष पटेल जी भारतीय एकता के प्रतीक माने गए हैं।

विविधता में एकता का महत्व बताया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके योगदान को देखते हुए गुजरात राज्य के नर्मदा जिले में सरदार सरोवर बांध के पास केवड़िया (अब एकता नगर) में सबसे बड़ी प्रतिमा का निर्माण करवाया है जिसको देखने के लिए देश, विदेश से लोग आते हैं। मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवर पाल ने कहा कि सरदार पटेल की जयंती पर जगह जगह रन फार यूनिटी का आयोजन किया जाता हैं। इस आयोजन से हमें भारत की एकता और अखंडता की महत्वपूर्ण सीख मिलती हैं। यह आयोजन हम सबको अपने देश की विविधता व एकता का महत्व समझाता हैं। इस दौड़ में शामिल होकर सरदार पटेल के सपनों का भारत बनाने का संकल्प लेना चाहिए।

न्यूज डायरी



श्रद्धालुओं को ब्रह्मज्ञान का महत्व समझाया

यमुनानगर। शहर के कैंप में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में शनिवार को कथाव्यास स्वामी रुपेश महाराज ने श्रद्धालुओं को ब्रह्मज्ञान के महत्व को समझाया। मौके पर भजनों के माध्यम से प्रभु का गुणगान किया गया। स्वामी रुपेश महाराज ने फरमाया कि हमारा मन ब्रह्मलोक का वासी है। वह थोड़े में संतुष्ट नहीं होता है। उसे पूर्णता व नित्य नवीनता चाहिए। इस नश्वर संसार में इसलिए हमारा मन भटकता रहता है। क्योंकि उसे उसकी मंजिल दिखाई नहीं देती और वह हमारी बुद्धि को भ्रमित करके हमें पल प्रतिपल विचलित करता है। मन को नित्य आनंद चाहिए जो इस संसार में कदापि प्राप्त नहीं हो सकता। वह तो केवल उस पारब्रह्म परमात्मा के साथ जुड़कर ही हम प्राप्त कर सकते हैं। जो पूर्ण नित्य व सदैव नूतन है। यदि हमें अपने मन को सदा के लिए तृप्त करना है तो उसे श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण व मनन करना चाहिए। क्योंकि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने से मानव को सदगति प्राप्त होती है ब्रह्मज्ञान का ज्ञान होता है। महाराज ने फरमाया कि परमात्मा इस जगत के कण-कण में विद्यमान हैं। मौके पर उन्होंने भजनों के माध्यम से प्रभु का गुणगान कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर किया।



पुलिसकर्मियों की शहादत समाज के लिए प्रेरणास्रोत

यमुनानगर। पुलिस प्रशासन द्वारा शहीदों की याद में जिला पुलिस लाइन जगाधरी में पुलिस के पास उपलब्ध शस्त्रों की प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल जगाधरी के बच्चों तथा अध्यापकों ने भाग लेकर वहां प्रदर्शित किए गए शस्त्रों की मारक क्षमता एवं खूबियों के बारे में जानकारी हासिल की। इस दौरान प्रदर्शनी का शुभारंभ डीएसपी मुख्यालय कवलजीत सिंह ने किया। डीएसपी कवलजीत सिंह ने बताया कि इस तरह के आयोजन से न केवल बच्चों में देशभक्ति की भावना प्रबल होती है। बल्कि वे पुलिस बल की कार्यप्रणाली और उनके साहसिक कर्तव्यों से भी परिचित होते हैं। उन्होंने कहा कि शहीद पुलिस कर्मियों की बहादुरी और बलिदान समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं।



विद्यार्थी राष्ट्रीय एकता की मजबूती में दें योगदान

यमुनानगर। राजकीय माध्यमिक विद्यालय चांदपुर (यमुनानगर) में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर शनिवार को राष्ट्रीय एकता दिवस उत्साह और श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस दौरान विद्यालय की मुख्याध्यापिका मनीषा शर्मा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर मुख्याध्यापिका मनीषा शर्मा, विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों ने सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया। मनीषा शर्मा ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति, दूरदर्शिता और नेतृत्व क्षमता से देश की विभिन्न रियासतों का एकीकरण कर भारत को एक सूत्र में पिरोने का ऐतिहासिक कार्य किया। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वह जाति, धर्म और भाषा के भेदभाव से ऊपर उठकर राष्ट्र की एकता और अखंडता को मजबूत बनाने में अपना योगदान दें। इस अवसर पर प्रिंस वर्मा, वंदना शर्मा, मीना शर्मा, सोनिया कांबोज, अलका व अनीता शर्मा आदि मौजूद रहे।



दिव्यांग बच्चों ने बनाए सुंदर दीये और मोमबत्तियां

यमुनानगर। आरोहण एनजीओ द्वारा शनिवार को होली मदर पब्लिक स्कूल में दिव्यांग बच्चों द्वारा बनाए गए दीयों व मोमबत्तियों की स्टाल लगाई गई। मौके पर स्कूल के बच्चों ने स्टाल से अपनी पसंद के दीयों व मोमबत्तियों को खरीदकर उनका उत्साह बढ़ाया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मोनिका शर्मा ने कहा कि दिव्यांग बच्चों द्वारा बनाए गए दीयों व मोमबत्तियों का स्टॉल लगाए जाने का मुख्य उद्देश्य बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना, उनके हुनर को पहचान दिलाना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना रहा। प्रधानाचार्या मोनिका शर्मा ने कहा कि प्रत्येक बच्चे में कोई न कोई विशेष प्रतिभा होती है। हमें दिव्यांग बच्चों को प्रोत्साहित करना चाहिए और उन्हें आगे बढ़ने के समान अवसर प्रदान करने चाहिए। मौके पर विद्यालय के चेयरमैन जीएस शर्मा आरोहण एनजीओ के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की।

वातावरण स्वच्छ रखने के लिए आसपास करें सफाई



यमुनानगर। नगर खेड़ा सेवा ट्रस्ट द्वारा गांव ससौली में शनिवार को सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान ट्रस्ट के सदस्यों व ग्रामीणों नेसार्वजनिक स्थलों व गलियों में साफ सफाई कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। सफाई अभियान का शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेवी एवं एडवोकेट धर्मजीत सिंह ने सफाई करके किया। उन्होंने बताया कि नगर खेड़ा सेवा ट्रस्ट द्वारा ससौली को सुंदर व स्वच्छ बनाने के लिए समय समय पर सफाई अभियान चलाकर गांव के सार्वजनिक स्थानों, गलियों, फिरनी व अन्य स्थानों पर साफ सफाई करके वातावरण को स्वच्छ रखने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं, ट्रस्ट द्वारा पर्यावरण को स्वच्छ एवं हरा भरा रखने के पौधरोपण किया गया है। जिसमें ट्रस्ट के सदस्य पौधों का रख रखाव स्वयं कर रहे हैं। मौके पर चंद्रमोली व सर्वजीत आदि ने कहा कि वर्तमान में वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए अपने आसपास साफ सफाई रखना बेहद आवश्यक है। इस अवसर पर नगर खेड़ा सेवा ट्रस्ट ससौली के सुनील कुमार, टोनी, सुखबीर सिंह, सुनील कुमार, परमजीत व कुलविंद्र आदि ने पूरा सहयोग दिया।

हर वीरवार को लगेंगी बिजली की लोक अदालतें

यमुनानगर। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) की तरफ से यमुना नगर सर्कल में पड़ने वाले जिले भर के सभी एक्सईएन कार्यालयों में प्रत्येक वीरवार को बिजली की लोक अदालतों का आयोजन किया जाएगा। जबकि यमुनानगर सर्कल में हर मंगलवार को बिजली की लोक अदालत आयोजित होगी। उक्त जानकारी यमुनानगर सर्कल के एसई सोमबीर भाठोलिया ने दी। एसई सोमबीर भाठोलिया ने बताया कि एक्सईएन कार्यालयों में आयोजित होने वाली बिजली की लोक अदालतें हर वीरवार कोसुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होंगी। इनमें आने वाली बिजली से संबंधित शिकायतों का रिकॉर्ड अलग से रखा जाएगा। एसई सोमबीर भालोठिया ने बताया कि इन अदालतों लिए सभी एक्सईएन को सूचनाएं भेज दी गई हैं। इस दौरान बिजली अधिकारियों की कोई अन्य बैठक नहीं होंगी। सभी अधिकारियों को मौके पर रहकर उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनना अनिवार्य रहेगा। जितनी भी शिकायतें आएंगी उनको सूचीबद्ध करके बिजली निगम मुख्यालय भेजा जाएगा। जो अधिकारी लंबे समय तक समाधान नहीं कराएंगे। उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

खबर संक्षेप

हरिओम बने भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी

पिहोवा। भारतीय जनता पार्टी द्वारा हरिओम अग्रवाल को जिला सह मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपे जाने पर उन्होंने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। अग्रवाल ने पार्टी के जिला अध्यक्ष रमेश सैनी, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और कुरुक्षेत्र से सांसद नवीन जिंदल पिहोवा से भाजपा के नेता पंडित जय भगवान शर्मा डीडी सहित समस्त वरिष्ठ नेतृत्व का धन्यवाद किया। हरिओम अग्रवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर खरा उतरने के लिए वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, उसे वे अपनी मेहनत और समर्पण के साथ बनाए रखने का प्रयास करेंगे।



अहोई अष्टमी पर शाम छह बजे होंगे तारों के दर्शन

कुरुक्षेत्र। अहोई अष्टमी रविवार, 1 नवंबर को मनाया जाएगा। इस दिन माताएं अपनी संतान के मंगलमय भविष्य के लिए निर्जला व्रत रखेंगी और शाम को अहोई माता की पूजा-अर्चना कर तारों को अर्घ्य देने के बाद व्रत खोलेंगी। उत्तर भारत में इस पर्व का विशेष धार्मिक महत्व है। गायत्री ज्योतिष अनुसंधान केंद्र, ब्रह्मसरोवर के संचालक पंडित रामराज कौशिक ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार अहोई माता को संतान की रक्षक देवी माना जाता है। पंडित रामराज कौशिक के अनुसार इस बार अहोई अष्टमी पर पुष्य नक्षत्र और चंद्रमा का अपनी राशि कर्क में होना विशेष ज्योतिषीय संयोग माना जा रहा है।



गीता विद्यालय में मनाई वल्लभभाई पटेल की जयंती



कुरुक्षेत्र। विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान में अमीन मार्ग स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं हरियाणा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित करके किया गया। एकादश कक्षा की छात्रा नित्या ने हरियाणा दिवस के विषय में बताते हुए कहा कि 1 नवंबर 1966 को हरियाणा एक अलग राज्य के रूप में अस्तित्व में आया था। प्राचार्या सुमन बाला ने विद्यार्थियों को सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के जीवन, संघर्ष एवं देश के प्रति उनके योगदान के बारे में बताया।

व्यक्ति कर्तव्यों का निष्ठा से करें पालन : लांगयान

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र। श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में आयोजित सात दिवसीय सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी डॉ. राम भगत लांगयान ने मुख्य अतिथि तथा सेवानिवृत्त तहसीलदार राजबीर धीमान ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। दोनों वक्ताओं ने विद्यार्थियों को ईमानदारी, नैतिकता, कर्तव्यनिष्ठा और सामाजिक जिम्मेदारी का महत्व समझाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने की। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत गुप्ता, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. रणधीर सिंह, संस्थान के प्राचार्य प्रो. आशीष मेहता, प्रो. शुभा कौशल व डॉ. सुधीर मलिक सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. राम भगत लांगयान ने कहा कि सतर्कता का अर्थ केवल भ्रष्टाचार करने वालों को पकड़ना या उनके विरुद्ध कार्रवाई करना नहीं है, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति का अपने कर्तव्यों का ईमानदारी और निष्ठा से पालन करना भी है।

'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान पर मंत्री बेदी ने दी जानकारी

एसआईआर पर विपक्ष जनता में भ्रम फैलाने का कर रहा प्रयास : कृष्ण

कांग्रेस के पास जनता व देश के विकास से जुड़े मुद्दे नहीं हैं, मतदाता सूचियों का शुद्धीकरण लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। पत्रकारों से बातचीत करते कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी।

हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर विपक्ष जनता के बीच तरह-तरह के भ्रम फैला रहा है। भाजपा का उद्देश्य एसआईआर के माध्यम से चुनावी व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और मजबूत बनाना है। विपक्ष के दुष्प्रचार का जवाब देने और लोगों को सही जानकारी देने के लिए भाजपा की ओर से अभियान चलाया जा रहा है। वे शनिवार को सेक्टर-8 स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। कृष्ण बेदी ने कहा कि मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण पहले भी होता रहा है। कांग्रेस शासनकाल में भी एसआईआर की प्रक्रिया कई बार अपनाई गई, लेकिन अब इसी प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के पास जनता और देश के विकास से जुड़े मुद्दे नहीं हैं, इसलिए वह एसआईआर को लेकर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूचियों में मृत और दूसरे स्थानों पर स्थानांतरित हो चुके मतदाताओं की जानकारी जुटाना तथा नियमानुसार उनके नाम हटाना जरूरी है। इससे मतदाता सूचियों को शुद्ध करने और चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता बढ़ाने में मदद मिलती है। उन्होंने कांग्रेस की अंदरूनी खींचतान पर भी निशाना साधा और कहा कि भाजपा संविधान तथा राष्ट्र को सर्वोपरि मानकर नीतियों के आधार पर काम करती है। बेदी ने राहुल गांधी पर भी निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वे विदेशों में जाकर भारत के खिलाफ बयान देते हैं और भारत विरोधी एजेंसियों से मिलते हैं।

चुनाव में हार के बाद ईवीएम पर सवाल उठाना उचित नहीं, राजनीतिक संकट से जूझ रही कांग्रेस

उन्होंने कहा कि एसआईआर को लेकर फैलाए जा रहे भ्रम को दूर करने के लिए भाजपा ने 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान शुरू किया है। इसके तहत आम जनता को एसआईआर की प्रक्रिया और उसके उद्देश्यों की जानकारी दी जा रही है। इस अवसर पर भाजपा के कुरुक्षेत्र जिला अध्यक्ष रमेश सैनी ने कहा कि चुनाव बूथ स्तर पर होता है और प्रत्येक बूथ पर राजनीतिक दलों के एजेंट मौजूद रहते हैं। मतदान के बाद बूथ एजेंटों के हस्ताक्षर के साथ ईवीएम को सील किया जाता है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव में हार के बाद ईवीएम पर सवाल उठाना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता मंचों से संविधान के खतरे में होने की बात करते हैं, जबकि वास्तविकता यह है कि कांग्रेस स्वयं राजनीतिक संकट से जूझ रही है।



भारत जानो प्रतियोगिता में छाए सतलुज स्कूल के छात्र

शाहबाद। भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित 'भारत को जानो' प्रश्न मंच प्रतियोगिता में सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कनिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया। मारकंडा नेशनल कॉलेज में आयोजित इस अंतर-विद्यालयी प्रतियोगिता में सतलुज स्कूल की कक्षा आठवीं की छात्रा हरमीत और सिमरन ने अपनी अद्भुत बौद्धिक क्षमता, सामान्य ज्ञान और त्वरित सोच का परिचय देते हुए विभिन्न प्रश्नों के सटीक उत्तर दिए और कनिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान की ट्रॉफी अपने नाम की। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. रघबीर सिंह घुम्मन ने विजेता विद्यार्थियों, हरमीत और सिमरन, को इस शानदार उपलब्धि पर बधाई दी और उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने और लगन व कड़ी मेहनत से तैयारी करने से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है तथा उनकी बौद्धिक क्षमता का सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे भी इसी तरह लगन के साथ निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य सतबीर सिंह, हिंदी अध्यापिका दिनेश कुमारी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

दीपावली मेले में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों व आकर्षक स्टॉलों ने लोगों का मोहा मन

- स्वादिष्ट व्यंजन, मनोरंजक खेल व सजावटी सामग्री आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से ग्रामीण आंचल की कन्याओं को उच्च शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से गतिमान सेठ नवरंग राय लोहिया जयराम कन्या महाविद्यालय में शनिवार को दीपावली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में भव्य दीपावली मेले का आयोजन हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक अंकेश्वर प्रकाश ने शिरकत की। प्राचार्या डा. सुदेश रावल ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मेले में छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के आकर्षक स्टॉल लगाए गए, जिनमें स्वादिष्ट व्यंजन, मनोरंजक खेल, हस्तनिर्मित सजावटी सामग्री एवं दीपावली से संबंधित वस्तुएं विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। उनकी रचनात्मकता, उत्साह एवं प्रबंधन कौशल की सभी ने सराहना की। इसके साथ-साथ इस अवसर पर लकी ड्रॉ भी निकाला गया, जिसमें आकर्षक उपहार प्रदान किये गए।

नई तकनीक के साथ अपने विवेक का इस्तेमाल करे युवा : सांसद जिन्दल

- युवा संवाद कार्यक्रम में सांसद ने युवाओं से किया सीधा संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। युवाओं से संवाद करते सांसद नवीन जिंदल। *फोटो : हरिभूमि*

सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि आज का दौर नई तकनीक का है। युवाओं को आधुनिक तकनीक का अधिक से अधिक इस्तेमाल करना चाहिए, लेकिन इसके साथ अपने विवेक और समझ का भी पूरा उपयोग करना होगा। तकनीक हमारी सहायक होनी चाहिए, न कि हमारे सोचने-समझने की क्षमता का विकल्प। युवाओं को अपने समय का सदुपयोग करते हुए हर काम को उत्साह और आनंद के साथ करना चाहिए। सांसद नवीन जिन्दल भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से आयुष विश्वविद्यालय में आयोजित ह्यमाय भारत : विकसित भारत युवा संवादह्व कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे और युवाओं के साथ सीधा संवाद किया। कार्यक्रम के दौरान सांसद के जीवन, सामाजिक कार्यों और तिरंगे के सम्मान के लिए किए गए उनके ऐतिहासिक संघर्ष पर आधारित फिल्म भी प्रदर्शित की गई। आयुष विवि के कुलपति प्रोफेसर वैद्य करतार सिंह धीमान ने पौधा भेंट कर सांसद का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय और युवाओं के लिए सौभाग्य की बात है कि उनके बीच ऐसी शख्सियत पहुंची हैं, जिन्होंने देशवासियों को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा पूरे सम्मान और गौरव के साथ फहराने का अधिकार दिलाने के लिए ऐतिहासिक संघर्ष किया। नवीन जिन्दल ने कहा कि कुरुक्षेत्र की जनता के साथ उनका करीब 30 वर्षों का संबंध है और यहां के युवा उनके परिवार का हिस्सा हैं। उन्होंने युवाओं से कहा कि वे बिना किसी संकोच के अपने मन की बात, विचार और सुझाव उनके साथ साझा करें।



सरदार पटेल के आदर्शों को अपनाकर राष्ट्र की एकता को मजबूत करें आमजन : डीडी

पिहोवा। लौह पुरुष एवं भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में पिहोवा में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। भगवान परशुराम चौक से शुरू हुई दौड़ का समापन संत ईश्वर सिंह अकादमी में हुआ। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता जय भगवान शर्मा डीडी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर पंडित जय भगवान शर्मा डीडी ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और राष्ट्रभक्ति से देश को एकता के सूत्र में पिरोने का ऐतिहासिक कार्य किया। उनका जीवन हमें राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता के लिए सदैव समर्पित रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूत करते हुए आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा देश की एकता, सामाजिक समरसता और राष्ट्रभावना को मजबूत करने के लिए लगातार जनभागीदारी पर जोर दिया जा रहा है। इस अवसर पर जिला सह मीडिया प्रभारी हरिओम अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष सुखबीर सिंह इस्हाक, नगर पालिका प्रधान आशीष चक्रपाणि, नगर पालिका उपप्रधान प्रतिनिधि सुरेंद्र ढींगरा, नगर पालिका प्रधान इस्माईलाबाद प्रतिनिधि चिरंजीव गर्ग, सुशील गर्ग, पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश पुरोहित, हन्नु चक्रपाणि, शाश्वत चक्रपाणि, पार्षद दीपक महंत, कमल काजल सरपंच हरिगढ़ मौरख, जेपी मेहला सरपंच, विनोद डोलिया, सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

प्रेस क्लब कुरुक्षेत्र ने मनाया दीवाली मिलन समारोह

कुरुक्षेत्र को टॉप सिटी बनाने के लिए करें प्रयास : जिंदल

भारत पर्वों का देश है लेकिन दीपावली को सबसे बड़ा पर्व माना जाता है : अरोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। समारोह में संबोधित करते सांसद नवीन जिंदल।

सांसद नवीन जिंदल ने कहा है कि कुरुक्षेत्र को देश की टॉप सिटी बनाने के लिए सभी को सांझे प्रयास करने चाहिए। यदि सभी मिलकर प्रयास करें तो लाजमी ही कुरुक्षेत्र देश के सबसे सुंदर शहरों में गिना जाएगा। सांसद जिंदल रेलवे रोड़ स्थित पर्ल मार्क होटल में प्रेस क्लब कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित दीपावली मिलन समारोह में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता थानेसर के विधायक एवं पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने की। वहीं सरस्वती हैरिटेज बोर्ड के वाइस चेयरमैन धुमन सिंह किरमच, मुख्यमंत्री के मीडिया कॉर्डिनेटर तुषार सैनी, श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत के प्रधान विशाल सिंगला, डा. बीआर अंबेडकर फामेर्सी कॉलेज मथाना के चेयरमैन सूरजभान कटारिया, प्रमुख समाजसेवी पवन छाबड़ा, समाजसेवी महेश शर्मा गामड़ी विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे। यहां पहुंचने पर प्रधान रामपाल शर्मा के नेतृत्व में सरंक्षक विजय सभ्रवाल, कृष्ण धमीजा, अशोक यादव, देवीलाल बारना, जितेंद्र सैनी, विकास बत्तान, बाबू राम तूषार, डा. राजेश वधवा, जसबीर दुग्गल, तरुण वधवा, सेवा सिंह, नवोदित, सुखबीर सैनी, राजेंद्र वर्मा व सुनील धीमान सहित अन्य ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संबोधित करते हुए सांसद नवीन जिंदल ने दीपावली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र में सभी लोगों को सभी प्रकार की सुविधाएं मिलें, यह करना उनका प्रयास है। थानेसर विधायक अशोक अरोड़ा ने दीपावली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस पर्व को सभी देशवासी मिलजुल कर मनाते हैं। हालांकि भारत पर्वों का देश है लेकिन दीपावली पर्व को सबसे बड़ा पर्व माना जाता है। इस मौके पर सांसद के कार्यालय प्रभारी एवं पूर्व आईएएस अधिकारी धर्मवीर सिंह, प्रभारी बलविंद्र, बूरा खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष रणबीर बूरा, अग्रवाल समाज के प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला सहित जिला भर से आए पत्रकारों ने भाग लिया।

न्यूज डायरी

सेंट पीटर कॉन्वेंट स्कूल में मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस



थानेसर। सेंट पीटर कॉन्वेंट स्कूल में शनिवार को भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सरदार पटेल के जीवन, उनके योगदान और देश की एकता एवं अखंडता को बनाए रखने के उनके प्रयासों को याद किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विशेष प्रातःकालीन सभा के साथ हुआ। इसमें विद्यार्थियों ने सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की। विद्यार्थियों ने भाषण, विचार और कविताओं के माध्यम से उनके जीवन संघर्ष, उपलब्धियों तथा देश की रियासतों के एकीकरण में निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। विद्यालय के प्रधानाचार्य विपिन कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल के आदर्श आज भी सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। कार्यक्रम का समापन एकता, अखंडता और देशभक्ति का संदेश देते हुए हुआ। इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों को राष्ट्र की एकता और सामूहिक जिम्मेदारी के महत्व से अवगत करवाया गया।

किडजी स्कूल में धूमधाम से मनाया हरियाणा दिवस



लाडवा। किडजी स्कूल में हरियाणा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों को हरियाणा राज्य के गठन, इतिहास, संस्कृति और परंपराओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बच्चों को बताया गया कि हरियाणा पहले पंजाब का हिस्सा था और 1 नवंबर 1966 को पंजाब से अलग होकर एक स्वतंत्र राज्य बना। उन्हें यह भी समझाया गया कि भाषाई आधार पर हरियाणा को पंजाब से अलग राज्य बनाया गया, ताकि हिंदी भाषी क्षेत्रों को अलग पहचान मिल सके। कार्यक्रम के दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों ने हरियाणवी संस्कृति को दर्शाती रंगारंग प्रस्तुतियां दी। बच्चों ने हरियाणवी गीतों, लोकनृत्यों और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से हरियाणा की सभ्यता, संस्कृति और परंपराओं को खूबसूरती से मंच पर उतारा। इस अवसर पर स्कूल का अन्य स्टाफ भी मौजूद था।

पदक जीतने से कहीं जरूरी खेलों में भाग लेना : गर्ग



लाडवा। संजय गांधी पब्लिक स्कूल में स्व.ओम प्रकाश गर्ग की स्मृति में भीम स्टेडियम में चल रही दो दिवसीय वार्षिक अंतर विद्यालय खेल प्रतियोगिता शनिवार को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ संपन्न हो गई। समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए एच.सी.एस. राज कुमार गर्ग ने विजेताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इससे पहले, विद्यालय प्रबंधन, प्रधानाचार्य और शिक्षकों द्वारा मुख्यातिथि का पारंपरिक स्वागत किया। स्कूल के प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा ने कहा कि विद्यालय पिछले 30 वर्षों से अधिक समय से इस प्रतिष्ठित अंतर विद्यालय खेल प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन कर रहा है। मुख्यातिथि ने कहा कि पदक जीतने से कहीं अधिक महत्वपूर्ण खेलों में भाग लेना है, क्योंकि यादें लंबे समय तक बनी रहती हैं और हमेशा प्रेरणा देती हैं। दौड़, थ्रोइंग और जंपिंग स्पधार्ओं में आठ प्रतिष्ठित सीबीएसई विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। इंडियन पब्लिक स्कूल रादौर दूसरे स्थान पर रहा और सुगनी देवी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। संजय गांधी स्कूल के खुशप्रीत को अंडर-14, ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल के करण को अंडर-16, संजय गांधी स्कूल के आशीष और भारत पब्लिक स्कूल की मन्नत को अंडर-19 लडकों की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ एथलीट का पुरस्कार मिला।

महाराणा प्रताप के शिक्षकों ने सीखे खुशहाल कक्षा के गुर



कुरुक्षेत्र। महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल, कुरुक्षेत्र में शनिवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के तत्वावधान में 'हैप्पी क्लासरूम' विषय पर एक दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कक्षा के वातावरण को तनावमुक्त, सकारात्मक और आनंददायक बनाने के गुर सीखे। कार्यशाला में कुल 60 शिक्षक शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक गायत्री मंत्र के उच्चारण और विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती ज्योतिष्मा तथा मुख्य वक्ताओं द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रधानाचार्या ने शाहबाद से पहुंचीं रिसोर्स पर्सन श्रीमती मनमोहन कौर और अंबाला से आए श्री संदीप कुमार का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या ज्योतिष्मा ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ कक्षा का वातावरण भी सकारात्मक और तनावमुक्त होना जरूरी है। खुशहाल शिक्षक ही खुशहाल कक्षाओं का निर्माण कर सकते हैं। इसलिए शिक्षकों का भावनात्मक रूप से स्वस्थ और सकारात्मक रहना भी आवश्यक है। कार्यशाला के विभिन्न सत्रों में मुख्य वक्ताओं ने संवादात्मक गतिविधियों, समूह चचार्ओं और व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से शिक्षकों को खुशहाल कक्षा के महत्व से अवगत करवाया। उन्होंने तनाव प्रबंधन, आत्म-जागरूकता, सकारात्मक संवाद और विद्यार्थियों के साथ भावनात्मक जुड़ाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। वक्ताओं ने बताया कि शिक्षक का व्यवहार, संवाद का तरीका और विद्यार्थियों के प्रति संवेदनशीलता कक्षा के माहौल को प्रभावित करती है। ऐसे में शिक्षकों को अपनी भावनाओं को समझते हुए विद्यार्थियों के साथ सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार करना चाहिए(

नवयुग स्कूल में वल्लभभाई पटेल को किया नमन



कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र। नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय एकता दिवस एवं हरियाणा दिवस के अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर बीडी गाबा, प्रधानाचार्य डॉ देवेंद्र अरोड़ा एवं स्टाफ के सदस्यों द्वारा भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर श्रद्धापूर्वक पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्याध्यापिका प्रीति मिश्रा ने सभी विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ दिलवाई। डायरेक्टर बी. डी. गाबा ने सभी विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों को हरियाणा दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विद्यालय की कोऑर्डिनेटर रितु चौधरी अध्यापिका मंजीत, अनू, रजनी, सीमा, परम ज्योति, पंकज, मोनिकासुमन, योगिता, पायल, आशा, हरिंदर, रिहाना, भारती, पूनम, मोनिका वर्मा, स्मृति, कोमल, स्वाति, रीमा आदि रहे।

खबर संक्षेप

चोरी की 10 बाइक के साथ 2 शातिर चोर काबू

अंबाला। विशेष अभियान के तहत सीआईए-1 की टीम को बड़ी सफलता हासिल हुई है। पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से कुल 10 दोपहिया वाहन (मोटरसाइकिलें) बरामद किए हैं। आरोपियों को अदालत ने जेल भेजने के आदेश जारी किए हैं। प्रेम नगर के रहने वाले अमित ने 7 अक्तूबर 2026 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 5 अक्तूबर 2026 को प्रेम नगर स्थित डेंटल क्लीनिक के पास से चोर ने उनकी मोटरसाइकिल चोरी कर ली है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच सीआईए-1 को सौंपी गई। सीआईए-1 के प्रभारी निरीक्षक परमवीर सिंह के मार्गदर्शन में पुलिस ने मुख्य आरोपी अभिषेक उर्फ अभि वासी पंजाब को गिरफ्तार किया था।

चार स्कूलों का औचक निरीक्षण कर मिशन सफलता की परखी हकीकत, कमजोर रिजल्ट वाले शिक्षकों से मांगा जवाब और सुधार की कार्ययोजना

रेड जोन के स्कूलों में डीईओ की दस्तक, कक्षाओं में शिक्षक नहीं मिलने पर जताई गहरी नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

बोर्ड परीक्षाओं में खराब परिणाम की आशंका वाले स्कूलों पर अब शिक्षा विभाग ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा शनिवार को मिशन सफलता के तहत रेड जोन में शामिल चार सरकारी स्कूलों में अचानक पहुंच गए। निरीक्षण के दौरान कहीं कमजोर विद्यार्थियों की पढ़ाई को लेकर सवाल उठे तो कहीं कक्षाओं में शिक्षक ही मौजूद नहीं मिले। मुलाना के राजकीय कन्या उच्च विद्यालय में आठवीं और दसवीं कक्षा में विद्यार्थी तो बैठे थे, लेकिन कक्षाओं से अध्यापक नदारद थे। इस पर डीईओ ने कड़ी नाराजगी जताते हुए व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। डीईओ ने राजकीय उच्च विद्यालय तेपला, राजकीय कन्या उच्च विद्यालय मुलाना, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धीन और राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बराड़ा का निरीक्षण किया। इन विद्यालयों का अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम 50 प्रतिशत से कम रहा है। यही वजह है कि विभाग की ओर से इन स्कूलों को रेड जोन में शामिल किया गया है। पिछले सत्र के बोर्ड परीक्षा परिणाम को लेकर भी संबंधित विद्यालयों को असंतोष पत्र जारी किए जा चुके हैं। निरीक्षण के दौरान डीईओ ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अब केवल परीक्षा परिणाम के आंकड़े सुधारने से काम नहीं चलेगा, बल्कि प्रत्येक विद्यार्थी को पास करवाने के लिए जमीनी स्तर पर मेहनत करनी होगी। दसवीं और बारहवीं का कोई भी विद्यार्थी फेल नहीं होना चाहिए। जिन विद्यार्थियों की पढ़ाई कमजोर है, उनके लिए अतिरिक्त कक्षाएं लगाई जाएं और बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी उत्कृष्ट परिणाम के लिए तैयार किया जाए।



बराड़ा। स्कूलों का निरीक्षण के दौरान शिक्षकों से बात करते व मिड-डे मील जांचते डीईओ सुधीर कालड़ा।

खंगाला रिजल्ट रजिस्टर

धीन स्कूल में डीईओ ने बारहवीं कक्षा के कमजोर परीक्षा परिणाम को लेकर प्रत्येक विषय के अध्यापक से अलग-अलग जवाब-तलब किया। उन्होंने विषयवार विद्यार्थियों की स्थिति, कमजोर परिणाम के कारणों और आगामी बोर्ड परीक्षाओं तक सुधार की योजना की जानकारी ली। साथ ही असुरक्षित भवन को गिराने की प्रक्रिया और नए भवन के निर्माण की प्रगति भी जांची। वहीं बराड़ा स्कूल में डीईओ ने रिजल्ट रजिस्टर खंगालते हुए पिछले वर्ष और मौजूदा सत्र के अर्धवार्षिक परिणाम की तुलना की। कम परिणाम वाले विषयों के शिक्षकों से पूछा कि आखिर बोर्ड परीक्षाओं तक नतीजों में सुधार के लिए उनकी ठोस कार्ययोजना क्या है। शिक्षकों को कमजोर विद्यार्थियों पर व्यक्तिगत ध्यान देने और अतिरिक्त शैक्षणिक सहयोग देने के निर्देश दिए गए। डीईओ सुधीर कालड़ा ने कहा कि मिशन सफलता महज विभागीय औपचारिकता नहीं, बल्कि बच्चों के भविष्य से जुड़ा अभियान है। प्रत्येक शिक्षक की जिम्मेदारी है कि वह कमजोर विद्यार्थी की पहचान कर उसकी कठिनाइयों को समझे और उसे अतिरिक्त समय देकर पढ़ाए।

अभिभावकों से सीधे पूछे बच्चों के हाल

तेपला स्कूल में निरीक्षण के दौरान पीटीएम चल रही थी। डीईओ औपचारिक निरीक्षण तक सीमित नहीं रहे, बल्कि अभिभावकों और शिक्षकों के बीच बैठकर दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों की शैक्षणिक स्थिति जानने लगे। कम अंक लेने वाले विद्यार्थियों से उनकी कमजोरियों के बारे में पूछा। लंबे समय से अनुपस्थित रहने वाले और कम उपस्थिति वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों से भी बातचीत की। उन्होंने साफ किया कि नियमित स्कूल आना और घर पर पढ़ाई का माहौल बनाना भी अभिभावकों की जिम्मेदारी है।

शिक्षक नदारद, जताई नाराजगी

मुलाना कन्या स्कूल में निरीक्षण के दौरान आठवीं और दसवीं कक्षा में विद्यार्थी मौजूद मिले, लेकिन अध्यापक नहीं थे। इस स्थिति ने स्कूल की शिक्षण व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए। डीईओ ने नाराजगी जताते हुए कक्षा संचालन में लापरवाही नहीं बरतने और नियमित शिक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। हालांकि मिड-डे मील की व्यवस्था संतोषजनक मिली। विद्यार्थियों को दही के साथ मिस्सी रोटी परोसी जा रही थी, जिसे डीईओ ने स्वयं चखकर देखा। स्कूल प्रबंधन ने बताया कि कमजोर विद्यार्थियों के लिए रेमेडियल कक्षाएं शुरू कर दी गई हैं।

डीसी बोले-सरदार वल्लभ भाई पटेल एक त्याग पुरूष थे

वार हीरोज मेमोरियल स्टेडियम अंबाला छावनी के नजदीक रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर युवाओं ने रन फॉर यूनिटी में दिखाया उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर वार हीरोज मेमोरियल स्टेडियम अंबाला छावनी के नजदीक रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इससे पहले उनका यहां पहुंचने पर सीईओ जिला परिषद गगनदीप व एसडीएम कनिका गोयल ने पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया। उन्होंने इस अवसर पर लौह पुरूष वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन भी किया। उपायुक्त ने इस मौके पर कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की 151वीं जयंती पर अम्बाला छावनी के वार हीरोज मैमोरियल स्टेडियम के नजदीक जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है वहीं उपमंडल स्तर पर भी रन फॉर यूनिटी व राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ समारोह का आयोजन किया गया है। सभी जगहों पर खिलाडियों, स्कूली बच्चों, सामाजिक संस्थाओं व अन्य लोगों ने शामिल होकर कार्यक्रम की भव्यता को बढ़ाने का काम किया है। लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश को एकता के सूत्र में पिराने का काम किया है। उन्होने कहा कि देश की एकता व अखण्डता को बनाए रखने का जो संदेश लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने दिया था उस बारे युवा पीढ़ी के साथ-साथ अन्य को अवगत करवाना चाहिए। सरदार वल्लभ भाई पटेल एक त्याग पुरूष थे। उन्होंने कहा कि आज एकता यात्रा में सभी ने हिस्सा लेकर एकता का परिचय देते हुए देश को और मजबूत करने का काम किया है। उन्होंने यह भी कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने विभिन्न रियासतों को एक करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने इस मौके पर उपस्थित सभी को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाते हुए कहा कि मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूं कि मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूं कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वंय को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूं जिसे सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूं।

डीसी ने रन फॉर यूनिटी को झंडी दिखाकर रवाना किया


अंबाला। रन फॉर यूनिटी में हिस्सा लेते युवा। फोटो : हरिभूमि


अंबाला। रन फॉर यूनिटी को रवाना करते भाजपा अध्यक्ष व मौजूद युवा। फोटो : हरिभूमि

560 रियासतों का विलय करवाकर देश की एकता-अखंडता को किया मजबूत

सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया नमन

नारायणगढ़। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर शनिवार को यहां राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर लघु सचिवालय में राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम शिवजीत भारती ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों व अन्य लोगों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान एसडीएम शिवजीत भारती, हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड के वाइस चेयरमैन राकेश बिंदल, हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य संजीव घारू, मुख्यमंत्री के भाई नंबरदार सुरेश पाल, हनीश सैनी, मार्केट कमेटी चेयरमैन नरेंद्र राणा कुराली, वाइस चेयरमैन भूषण अग्रवाल, जसविंदर सिंह बख्तुआ एवं संजीव गुर्जर, नायब तहसीलदार सुनील कुमार, बीडीपीओ जोगेश कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर उन्हें नमन किया। एसडीएम शिवजीत भारती ने अपने संबोधन में कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल का जीवन राष्ट्रसेवा, दृढ़ इच्छाशक्ति, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का अद्भुत उदाहरण है। उन्हें लौह पुरुष के नाम से जाना जाता है, क्योंकि उन्होंने अपनी मजबूत इच्छाशक्ति और दूरदर्शिता के बल पर आजादी के बाद देश की 560 से अधिक रियासतों का भारतीय संघ में विलय करवाकर भारत की एकता और अखंडता को मजबूत आधार प्रदान किया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने देश को एक सूत्र में पिरोने के लिए जिस समर्पण और साहस के साथ कार्य किया।


नारायणगढ़। रन फॉर यूनिटी के दौरान शपथ लेते युवा व अन्य।

रन फॉर यूनिटी में छात्रों ने दिखाया जोश

अंबाला। लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 151वीं जयंती के उपलक्ष्य में पूरे देश में रन फॉर यूनिटी को आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। उपमंडल स्तर पर अंबाला शहर के सम्राट पृथ्वीराज चौहान चौक के पास आयोजित रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा ने बतौर मुख्य अतिथि व विशिष्ठ अतिथि के तौर नगर निगम मेयर अक्षिता सैनी ने शिरकत की। इस मौके पर एसडीएम दर्शन कुमार, नगराधीश अभिषेक गर्ग, बीईओ सतबीर सैनी सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। इससे पहले मुख्य अतिथि व अन्य गणमान्य लोगों ने लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन भी किया। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा ने कहा कि लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश की लगभग 562 रियासतों को अपनी कुशलता से एक सूत्र में पिरोने का काम किया है। उन्होने इस मौके पर यह भी कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा महापुरूषों के संदेश को आगे बढाने का काम किया जा रहा है। सरदार वल्लभ भाई पटेल को लौह पुरूष के नाम से जाना जाता है तथा सरदार वल्लभ भाई पटेल द्वारा दिए गए संदेश व आदर्शों को हमें अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने कहा कि लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल देश के पहले गृहमंत्री थे। उन्होंने बताया कि रन फॉर यूनिटी हर्बल पार्क अंबाला शहर से शुरू होकर शौर्य चौक, पुलिस लाईन चौक, गलेक्सी के सामने से होते हुए सेशन हाउस, ऑफिसर कॉलोनी से होते हुए वापिस पृथ्वीराज चौहान चौक पर आकर संपन्न हुई। रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में विभिन्न स्कूली विद्यार्थियों के साथ-साथ एनसीसी, पुलिस जवानों, सामाजिक संस्थाओं व आमजन ने जिनमें युवा व अन्य शामिल रहे।

राष्ट्रीय एकता की दिलाई शपथ



अंबाला। अंबाला छावनी के आचार्य रघुवीर गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. देसराज बाजवा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में महत्वपूर्ण दिवस उत्सव समिति की संयोजिका रीटा देवी और सह-सदस्य सुरेश कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी प्राध्यापकों और विद्यार्थियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और आंतरिक सुरक्षा को बनाए रखने की सामूहिक शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने विद्यार्थियों को सरदार पटेल के संदेश को फैलाने और देश की सुरक्षा में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

वार्ड 3 की दो गलियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ

बराड़ा। नगर पालिका के वार्ड नंबर 3 में दो गलियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ नगर पालिका चेयरमैन रजत मलिक ने नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर वार्ड सदस्य प्रतिनिधि करण कपूर भी मौजूद रहे। निर्माण कार्य के तहत पहली गली का निर्माण आर्य समाज मंदिर से विक्की जैन के घर तक तथा दूसरी गली का निर्माण अतुल लाल के प्लॉट से पोपली हाउस होते हुए श्री साईं मंदिर तक करवाया जाएगा। इस अवसर पर रजत मलिक ने कहा कि नगर का चहुंमुखी विकास करवाना उनकी प्राथमिकता है। नगर के प्रत्येक वार्ड में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शहरी क्षेत्रों के विकास पर विशेष ध्यान दे रही है। जनता ने जिस विश्वास के साथ उन्हें जिम्मेदारी सौंपी है उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास किया जाएगा। कहा कि नगर में पक्की गलियों, बेहतर नालियों और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करवाया जाएगा। दोनों गलियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ होने पर वार्डवासियों में खुशी का माहौल देखने को मिला। स्थानीय लोगों ने इसे अपनी पुरानी मांग पूरी होने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते चेयरमैन रजत मलिक का फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया और आभार व्यक्त किया।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

नेशनल हाईवे पर अनियंत्रित हुआ ट्रॉला, चार गाड़ियां क्षतिग्रस्त, ट्राला चालक केबिन में फंसा

- हादसे की वजह से हाईवे पर लगा जाम, हादसे में एक महिला को आई चोटें, कई वाहन चालक बाल-बाल बचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

शनिवार को सुल्तानपुर हाईवे पर जाम में खड़ी गाड़ियों को पीछे से आए एक ट्राले ने टक्कर मार दी। हादसे में थार, स्विफ्ट और क्रेटा समेत चार गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि थार बुरी तरह पिचक गई। हादसे के बाद ट्राले का ड्राइवर केबिन में फंस गया, जिसे निकालकर अंबाला के सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे में किसी की जान नहीं गई। थार सवार अजय शर्मा ने अपनी पीठ और पत्नी को चोट लगने की बात कही है। पुलिस के अनुसार हादसा शनिवार दोपहर करीब 2 बजे हुआ। हाईवे पर जाम लगा हुआ था और कई गाड़ियां खड़ी थीं। इसी दौरान पीछे से आए ट्राले ने आगे खड़े वाहनों को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद गाड़ियां एक-दूसरे से टकरा गईं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्राले में फंसे ड्राइवर को बाहर निकाला। पानीपत से चंडीगढ़ जा रहे थार सवार अजय शर्मा ने बताया कि वह पत्नी के साथ घर लौट रहे थे। जाम के कारण उनकी गाड़ी रुकी हुई थी। वह पत्नी से बात कर रहे थे कि करीब आधे घंटे में घर पहुंच जाएंगे। तभी पीछे से तेज रफ्तार में आया ट्राला उनकी गाड़ी से टकरा गया। अजय के मुताबिक टक्कर इतनी जोरदार थी कि उनकी नई गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। उन्होंने गाड़ी में करीब 4 लाख रुपए का अतिरिक्त खर्च करने और 1.25 लाख रुपए के टायर लगवाने की बात भी कही। अजय ने आरोप लगाया कि ट्रॉला ओवरलोड था और उसका ड्राइवर नशे में था। ट्राला ड्राइवर ने बताया कि वह पानीपत से परचून का माल लेकर अंबाला आया था। माल ट्रांसपोर्ट पर पहुंचाना था। हाईवे पर जाम लगा होने के कारण गाड़ियां खड़ी थीं। उसके अनुसार, सबसे पीछे से आए ट्राले ने पहले आगे खड़े कंटेनर को टक्कर मारी, जिसके बाद बीच में खड़ी गाड़ियां भी इसकी चपेट में आ गईं।



अंबाला। हादसे की वजह से क्षतिग्रस्त गाड़ियां। फोटो : हरिभूमि

धूमधाम से मनाई गई महाराजा अग्रसेन जयंती, गणमान्य ने किया दीप प्रज्ज्वलित

- महिलाओं को भी समाज में काम करने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलाना

महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में देवी मंदिर हॉल में महाराजा अग्रसेन वैश्य समाज सभा की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और महाराजा अग्रसेन के आदर्शों एवं उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान संदीप सिंघल ने भजन प्रस्तुति कर वहां मौजूद लोगों को मंत्रमुग्ध किया। इस अवसर पर लाला दयाल, मदन लाल बंसल, अशोक कुमार गोयल और राम कुमार जैन ने दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम में लाला दयाल चंद और मदन लाल बंसल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समाज के सभी उन बच्चों को सम्मानित किया गया जिन्होंने समाज का मान-सम्मान बढ़ाने का कार्य किया। अग्रसेन की /"एक ईंट-एक रुपया/" की परंपरा को जीवित रखने का संकल्प दोहराया गया। महिलाओं को भी समाज में काम करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर सरपंच प्रवीण, पूर्व सरपंच नरेश चौहान, भाजपा नेत्री मोनिका कालड़ा तथा देवी मंदिर कमेटी के प्रधान मास्टर महेंद्र पाल राणा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में थाना प्रभारी प्रमोद राणा और एसएमओ डॉ. कुलदीप ने भी शिरकत की। महाराजा अग्रसेन वैश्य समाज सभा मुलाना के संरक्षकों में , राममूर्ति जैन, अशोक जैन, उमेश गोयल, दिनेश गोयल, प्रवीण गर्ग और कुलदीप बंसल भी शामिल रहे। कार्यक्रम के माध्यम से महाराजा अग्रसेन के सामाजिक समरसता, समानता, सहयोग और समाज सेवा के संदेश को याद किया गया।


मुलाना। महाराजा अग्रसेन जयंती पर कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्यअतिथि।